卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 181 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦11 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## तृतीय नवरात्र



**नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। माता के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम का पाठ मंगल फलदायी है।**

# कांग्रेस विकास और विरासत की विरोधी:मोदी

## ऋषिकेश में प्रधानमंत्री ने विशाल जनसभा में कांग्रेस पर जमकर बोला हमला

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को ऋषिकेश के आइडीपीएल स्थित हाकी मैदान में










भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर कमल खिलाने का आहवान किया। मोदी ने अपने सम्बोधन की शुरूआत गढ़वाली बोली से की। उन्होंने कहा कि लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकार का काम देखा है। आज देश में ऐसी सरकार है जिसने बीते दस वर्ष में भारत को देश को पिछली सरकारों की तुलना में कई गुना मजबूत किया है। जब जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार रही है तब तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। जब भारत में कमजोर और अस्थिर सरकारें थी तब आतंकवाद ने पैर पसारे आज भारत में मोदी की मजबूत सरकार है। इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। आज भारत में युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी है। ये भाजपा की सरकार है जिसने सात दशक बाद जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म करने का साहस किया। ये भाजपा की मजबूत सरकार है जिसने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया। ये भाजपा की मजबूत सरकार है जिसने महिलाओं को लोकसभा विधानसभा में आरक्षण किया। ये भाजपा की मजबूत सरकार ही है जिसने सामान्य वर्ग के गरीबों को भी दस प्रतिशत आरक्षण दिया। कांग्रेस की सरकार होती तो वन रेंक वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होता। मोदी ने ये गारंटी दी (शेष पृष्ठ सात पर)

# बाघ और सांड की जबरदस्त भिड़ंत, दुम दबाकर भागा बाघ





रामनगर (उद संवाददाता)। गुरुवार सुबह रामनगर क्षेत्र के ग्राम ढिकुली के समीप स्थित एक रिसॉर्ट के सामने जंगल में बाघ और सांड की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। गांव के पास बाघ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। घटना के बाद कॉर्बेट प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार सुबह से एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा रहा है कि सड़क किनारे स्थित जंगल में एक बाघ ने जंगल में घूम रहे एक सांड पर अचानक हमला बोल दिया। इसके बाद सांड ने भी बाघ पर जबरदस्त हमला कर दिया और बाघ को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। काफी देर तक सांड और बाघ के बीच संघर्ष होता रहा। सांड के संघर्ष के आगे आखिरकार बाघ को हार माननी पड़ी और बाघ अपनी जान बचाने के लिए जंगल की ओर भाग गया। बताया जाता है कि कुछ देर बाद यह बाघ पुन: इसी स्थान पर घूमता हुआ ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इस मामले में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के (शेष पृष्ठ सात पर)

# पारंपरिक वाद्य यंत्र हुड़का बजाकर मोदी ने लूटी वाहवाही

ऋषिकेश। यहां आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां गढ़वाली बोलकर लोगों का अभिवादन किया वहीं उन्होंने मंच पर उत्तराखण्ड का पारंपरिक वाद्य यंत्र हुड़का बजाकर लोगों की वाहवाही लूटी। जनसभा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड का पारंपरिक वाद्य यंत्र हुड़का भेंट कर स्वागत किया। हुड़का हाथ में आते ही प्रधानमंत्री ने सम्मान के साथ उसे बजाकर वाहवाही लूटी। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में भी हुड़का का (शेष पृष्ठ सात पर)



# वोट डालने पर पेट्रोल और डीजल पर मिलेगा डिस्काउंट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जहां चुनाव आयोग और प्रशासन जोर शोर से अभियान चला रहा है वहीं इसके लिए सामाजिक संस्थायें और सामाजिक लोग भी आगे आ रहे हैं। इसी को लेकर शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय भूषण गर्ग ने वोट डालने वालों को अपने पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल और डीजल में 50 पैसे प्रति लीटर की छूट दी जायेगी। जानकारी देते हुए समाजसेवी विजय भूषण गर्ग ने कहा कि आम चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इस महापर्व में सभी की सहभागिता जरूरी है। यह मताधिकार से ही संभव है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब सभी लोग इस महापर्व में अपनी सहभागिता करें। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि सभी लोग मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लें। साथ ही उन्होंने बताया कि शत (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध हालातों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते आज मौहल्ला आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में एक महिला ने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सीओ, कोतवाल व एसएसआई ने पुलिसकर्मियों संग मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मृतका के पुत्रों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी निवासी 40 वर्षीय लतिका ढ़ाली अपने दो पुत्रों 18 वर्षीय



मंगल व 17 वर्षीय शिवा के साथ रहती थी। उसका पति रविन्द्र ढ़ाली जम्मू कश्मीर में मजदूरी करता है। बताया जाता है कि आज प्रात: करीब 11 बजे मंगल काम से गया हुआ था जबकि शिवा कमरे में सोया हुआ था। इसी दौरान लतिका ने कमरे में लगे पंखे में साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब शिवा सोकर उठा जब उसने मां को फांसी पर लटका देखा तो उसने शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग वहां आ गये। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार व एसएसआई केएस आर्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मृतका के (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मतदाताओं के सवाल पर 'असहज' गढ़वाल के 'योद्धा'

## ज्वलंत मुद्दों पर बगले झांकने को मजबूर प्रत्याशी, मतदाताओं को बहलाकर वोट जुगाड़ने की कोशिश जारी, किसी के पास नहीं कोई कारगर रोड मैप

■ अर्श

देहरादून। गढ़वाल संसदीय सीट पर मानव-वन्यजीव संघर्ष, पलायन, प्राकृतिक आपदा जैसे ज्वलंत मुद्दे वर्तमान में उससे कहीं ज्यादा विकराल हो चुके हैं, जितने राज्य निर्माण के वक्त थे। उत्तराखंड निर्माण के बाद पांचवें संसदीय चुनाव मैं भाग लेने जा रही गढ़वाल क्षेत्र की जनता को हर संसदीय चुनाव एवं विधानसभा चुनाव के समय इन विकराल मुद्दों से निजात दिलाने के सब्जबाग दिखाकर वोट तो ले लिए गए, मगर हालात जस के तस बने रहे। प्रस्तावित संसदीय चुनाव में भी प्रत्याशियों के पास गढ़वाल के ज्वलंत मुद्दों पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं है और मतदाताओं के प्रश्नों पर प्राय: सभी उम्मीदवार बदले झांकने को मजबूर हैं। गढ़वाल संसदीय सीट के चुनावी दंगल में भाग्य आजमा रहे 13 प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल, बहुजन समाज पार्टी, अखिल भारतीय परिवार पार्टी, बहुजन मुक्ति पार्टी, उत्तराखंड समानता पार्टी, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट), सैनिक समाज पार्टी के साथ ही चार निर्दलीय भी सम्मिलित हैं ,लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के मध्य ही होता जान पड़ रहा है। भाजपा की ओर से राज्य सभा सदस्य और राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल को आमने-सामने हैं।



अनिल बलूनी काफी समय से उत्तराखंड में रिवर्स पलायन को प्रोत्साहित करते हुए लोगों से अपने मूल गांव से पुन: जुड़ने की अपील करते रहे हैं इस लिए पलायन के मसले पर उनके पास बचाव के लिए कुछ मसाला तो है ही। इसके अलावा वे प्रधानमंत्री मोदी की छवि, भाजपा की सांगठनिक क्षमता के साथ राज्य की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर सक्रियता के बूते चुनाव मैदान में हैं। वह गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के विकास को अपनी शीर्ष प्राथमिकता गिनाते हुए मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। उधर कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल भी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 से सक्रिय हैं।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए गोदियाल ने इस क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ मधुर संबंध स्थापित किए हैं। लिहाजा कांग्रेस की सांगठनिक शक्ति के साथ क्षेत्र में सक्रियता गोदियाल की सबसे प्रमुख ताकत है। वह इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत श्रीनगर विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं और वनंतरा रिसार्ट प्रकरण को उछालकर महिला अपराधों को लेकर भाजपा की घेराबंदी में जुटे हैं। साथ ही उनके द्वारा अग्निवीर के मुद्दे को भी सैनिक बहुल क्षेत्र में मुद्दा बनाया जा रहा है। बावजूद इसके दोनों ही प्रमुख उम्मीदवार गढ़वाल के प्रमुख मुद्दों पर मतदाताओं को पूरी तरह संतुष्ट करने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि कोटद्वार के भाबर क्षेत्र और तराई तक हाथियों, बंदरों, सुअरों ने खेती को न सिर्फ उजाड़ा है, बल्कि अब तक गांवों से लेकर कस्बे दिन ढलते ही गुलदारों-बाघों की दहाड़ और हमलों से दहशत में हैं। बंदरों, (शेष पृष्ठ सात पर)

# बोले सो निहाल के जयकारों के साथ निकला भव्य नगर कीर्तन

## बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर में चार दिवसीय गुरमत समागम आरंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा माता साहिब कौर दिनेशपुर में चार दिवसीय भारी गुरमत समागम आरंभ होने के प्रथम दिन विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा अमृत नगर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष भारी गुरमत समागम आयोजित किए गए जिसमें रागी,कविश्री एवं कथावाचकों ने गुर इतिहास एवं गुरबाणी की कथा करके संगत को आनंदित किया। तत्पश्चात बाबा गुरजंट सिंह गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा एवं बाबा गुरदेव सिंह के दिशा निर्देशन में अरदास के उपरांत बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ नगर कीर्तन का शुभारंभ किया गया। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी,पंच प्यारे, सेवा करती संगत ,शब्द कीर्तनी एवं कविश्री जत्थे के अलावा दरबार साहिब श्री अमृतसर एवं अन्य झांकिया ने नगर कीर्तन की शोभा को बढ़ाया।वीर खालसा गतका ग्रुप नानक पुरी टांडा एवं शहीद बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा रुद्रपुर की टीम द्वारा हैरत अंग्रेज करतब दिखाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण करके अपनी श्रद्धा प्रकट की गई वहीं बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के नेता प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में नगर कीर्तन का प्रसाद वितरण करके स्वागत किया। इस अवसर पर पूरे नगर कीर्तन मार्ग को तोरण द्वारों तथा निशान साहिब से सुसज्जित किया गया था इस मौके पर भारी गिनती में संगत ने नगर कीर्तन में सहभागिता करके गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं। इस दौरान भारी संख्या में संगत मौजूद रही।





## हल्द्वानी में होगी योगी की जनसभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी सम्भाग कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यहां एमबी इन्टर कालेज मैदान में आगमन पर बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें



योगी के आगमन पर रैली की योजना रचना बनाई गई तथा अलग-अलग कामों के निमित्त कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रमुख रूप से लोकसभा प्रभारी बलवंत सिंह भोर्याल, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, रैली संयोजक तरुण बंसल, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, आदि लोग मौजूद रहे।

## तारकनाथ धाम में विशेष पूजा एवं मेला शुरू

शक्तिफार्म(उद संवाददात)। शक्तिफार्म क्षेत्र के सुरेंद्र नगर स्थित तारकनाथ धाम में विशेष पूजा व मेले का बुधवार को शुभारम्भ किया गया। प्रथम दिन के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक,वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सरकार ने विधिवत फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे तारक नाथ धाम के इतिहास मे प्रकाश डालते हुये भक्तो को तारक नाथ धाम को आस्था का प्रतीक बताया। मुख्य अतिथि के साथ विश्वजीत हालदार,अशोक मण्डल,विधान दास,मयंक अग्रवाल, मनोज आदि मौजूद थे।आयोजक कमेटी



ने मुख्य व विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र व भोले नाथ का स्मृति चिन्ह भेट किया।आयोजक कमेटी के सुमित मंडल अध्यक्ष, परेश मंडल उपाध्यक्ष, मुकुल पोद्दार सचिव, उज्जवल राय उपसचिव, अनंत हालदार मुख्य कोषाध्यक्ष, तापस मंडल, समीर साना, और राजीव मिरवर आय कोषाध्यक्ष, सुशांत राय, जगदीश मंडल और दिनेश राय व्याय कोषाध्यक्ष थे। इस दौरान ग्राम प्रधान राजा हालदार, रंजीत हालदार, संजीत विश्वास, मिथुन मंडल, विक्की बैरागी, विजय सिकदार, सुकुमार विश्वास, सपन हालदार, दीपक बड़ाल, उत्तम शील ,कानू सरकार आदि साहित ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी के लिए घर घर मांगे वोट

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज रोड मास्टर कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में घर-घर जाकर आगामी 19 तारीख को वोट देने की अपील की। पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय जनता से मोदी धामी के समर्थन में नैनीताल उधम सिंह नगर सीट पर बंपर मतदान करने की अपील की। स्थानीय निवासियों ने विश्वास दिलाया की



एकमात्र प्रत्याशी अजय भट्ट आगामी चुनाव में एक तरफ जीत हासिल करेंगे एवं लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, नगर उपाध्यक्ष कंचन शर्मा, भाजपा नेत्री विनीत सक्सेना, एससी मोर्चा के अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, संतोष गौरव, विवेक भारती, तरुण ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, चार्ली पांडे, कश्यप मोटवानी, ललित जोशी, मानस बत्रा, प्रदीप गुप्ता, सिद्ध गुप्ता, रवि सक्सेना आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी भट्ट को दिया समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवार के आदेश अनुसारभाजपा कार्यकर्ता जियाउद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में वार्ड 31 मलिक के बगीचे में जनसंपर्क कर एक पंचायत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अजय भट्ट को वोट किया जाएगा। श्री कुरैशी ने सभी अल्पसंख्यक समाज के लोगों से बढ़- चढ़कर वोट डालने की अपील की और चुनाव निशान कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाने का अनुरोध



किया। इस अवसर पर वार्ड में जनसंपर्क किया गया। कुरेशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा मुस्लिम समाज का वोट लेकर उनको उनके हाल पर छोड़ने का काम किया है। अब हम किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। इस दौरान लाल मोहम्मद अंसारी, शाहिद हुसैन, शब्बू कुरैशी, मोहम्मद तसलीम, शाहिद मियां, महबूब आलम, मोहम्मद सलीम, बल्लू रिजवान, एहसान अहमद, मोहम्मद आरिफ अली,भूरे, तस्लीम अली, बादशाह, मेहनाज बी, शाहाना बेगम, आरिफ मियां, आयशा परवीन, जैनब कुरैशी, नसरीन अफसर, अहमद गुड्डू, शफीक अहमद, शाहिद आदि उपस्थित थे।

## गन्ने के खेत में तेंदुए के दो शावक मिलने से दहशत

जसपुर। गन्ने के खेत में तेंदुए के दो शावक मिलने से किसानों में खलबली मच गई। श्रमिक शावकों को प्लास्टिक के कट्टे में रखकर पर बैठा कर अपने घर चले आए। आसपुर गांव निवासी अध्यक्ष ब्रह्मानंद लाहौरी ने बताया कि मंगवार सुबह करीब आठ बजे वह श्रमिकों के साथ अपने खेत पर गन्ना काट रहे थे। खेत में दो शावक दिखाई दिए। श्रमिकों के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे किसान भी पहुंच गए। उन्होंने गन्ने की पत्ती और प्लास्टिक के कट्टे को बिछाकर उसमें शावकों को रखकर छोड़ गए ताकि तेंदुआ उन्हें अपने साथ ले जा सके। ग्राम प्रधान लाहौरी ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें और किसानों को तेंदुआ खेतों में दिखाई दिया था। उन्होंने वन अधिकारियों को सूचना देकर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। उधर ग्रामीणों ने खेतों पर बच्चों और महिलाओं को भेजना बंद कर दिया है।



## क्षेत्रवासी भाजपा के बहकावे में ना आयें: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने आज अपने लोकसभा चुनाव के चुनाव प्रचार के दौरान 4 स्थानों में नुक्कड़ सभाए की व क्षेत्रवासियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताने



की अपील की। तथा किच्छा विधानसभा के सभी मुस्लिम भाइयों को ईद व हिन्दू भाइयो को नवरात्रों की बधाई दी द्य इस अवसर पर किच्छा ईदगाह में पहुचकर सभी मुस्लिम समाज के लोगो से मिले व ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी। विधायक बेहड़ ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि 10 साल तक भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने केवल वोट लिए लेकिन काम नहीं किये यहाँ के सांसद अजय भट्ट आज तक किच्छा विधानसभा के गाँवों में विकास तो कराना दूर झाँकने तक नहीं आये उन्होने आज तक इन क्षेत्रों में कोई विकास नहीं कराया। चारो तरफ लूट और भ्रष्टाचार मचा है भाजपा वाले केवल जनता को बहकाकर वोट लेना जानते है, इसलिए क्षेत्रवासी भाजपा के बहकावे में न आये और कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रकाश जोशी जी को विजयी बनाये। बेहड़ ने ग्रामीण भ्रमण के तहत ग्राम खुरपिया,तुर्कागौरी,मिलक ,चकोनी में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की व उनकी समस्याओं को सुना द्य इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,नारायण सिंह बिष्ट,किन्नू शुक्ला,दलजीत सिंह,राजेश प्रताप सिंह,विनोद कोरंगा,राजेन्द्र शर्मा,बिशन सिंह कोरंगा,प्रेम आर्या,राजेन्द्र सिंह,हरविंदर सिंह,त्रिलोक चुघ,त्रिलोक खुराना,सतनाम चुघ,परवेशगंगवार,जय सिंह, राजेश पाल,मोरपाल सिंह, लियाकत, हरदयाल, रामनरेश,अशरफ,किशन सुखीजा,शुभम सुखीजा,परमजीत सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला का भव्य स्वागत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम मे भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला व जिला मंत्री रेनू जुनेजा ,सितारगंज से सृति विश्वास



शक्तिफार्म महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओ के मध्य पहुंचे। जहाँ शक्तिफार्म महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत किया। पश्चात महिला मोर्चा ने सयुक्त रूप से लोक सभा चुनाव पर विचार विमर्श किया,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार भाजपा 400 पार के संकल्प को हर एक कार्यकर्ता पूरा करने के लिए तत्पर है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है देश की जिसमे पार्टी मे हर एक वर्ग को सम्मान मिला है,महिलाओ के लिए यजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं की सौगात दी है। आज विश्व मे भारत की एक अलग ही पहचान है,ये सिर्फ नरेन्द्र मोदी जी की वजह से संभव हो पाया है। शक्तिफार्म मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी विश्वास ने कहा कि नैनीताल,उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपने कार्यकाल मे विकास किया है, और आगे भी विकास होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक पूर्व मंडल अध्यक्ष कार्तिक राय पूर्व प्रधान कृष्णपाद मंडल भाजपा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी विश्वास ,महामंत्री गीता सरकार, महामंत्री पिंकी मंडल ,उपाध्यक्ष लिलिमा मजूमदार,मीडिया प्रभारी सोना मालिक ,नमिता हालदार, तुलसी मंडल ,रेखा ,सुशीला समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ओ जंगल के राजा मेरी, मैया को लेकर आजा






रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के द्वितीय दिवस पर नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा आयोजित माता के अर्द्धरात्रि जागरण में आमंत्रित भजन गायक कलाकारों द्वारा मां के कई भजन सुनाये गये। जिनके साथ सभी भक्त मां की महिमा का गुणगान करते रहे। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान प्रवीण खनीजो परिवार से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। सर्वप्रथम अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात आमंत्रित भजन गायिका बरेली से आई अपर्णा मिश्रा ने भजनों के माध्यम से उपस्थित भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने आओ मात जी तुवाड़ा मंदिर सजाया है, मंदिर सजा के तुआनूं घर पर बुलाया है, ऊंचे ऊंचे मंदिरों वाली माता तेरी गूंजे जय जयकार, मेला मैया दा आदां रहे हर साल, लोकी नचदे ने खुशियां नाल, तेरा प्यारा सजा है दरबार भवानी, तेरे भक्तों की लगी है कतार भवानी, मां मुरादें पूरी कर दे हलवा पूरी बांटूंगी, ओ जंगल के राजा मेरी मैया को लेकर आजा आदि भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें दूध की सेवा जुगल तनेजा, रवि तनेजा परिवार द्वारा, पंच मेवा प्रसाद की सेवा शैलेन्द्र खनीजो ने की। विदित हो कि श्री वैष्णो देवी यात्रा समिति द्वारा पिछले 51 वर्षो से नवरात्र पर्व पर प्रति वर्ष मॉ ज्वाला जी की पावन ज्योत लाई जा रही है। श्री वैष्णो देवी यात्रा समिति के पिछले 17 वर्षो से अध्यक्ष एवं श्री सनातन धर्म सभा युवा मंच के सरपरस्त राकेश सुखीजा ने प्रतिदिन श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में प्रतिदिन रात्रि में हो रही माता जी की चौकी में पहुंच कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की। इस मौके पर श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, श्री सनातन धर्म युवा मंच के अध्यक्ष अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मनोज छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र मिड्ढा, सुनील चुघ, नरेश ग्रोवर, सतनाम सिंह, रेनू अरोरा, पंकज बांगा, राजकुमार सीकरी, ओम प्रकाश, आकाश कटारिया, दीपक गुगलानी, संजय ठुकराल, आशा ग्रोवर, पूजा बांगा, रानो छावड़ा, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## निर्वाचन सामग्री किट तैयार करने काम शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह व नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने युवा कल्याण भवन में निर्वाचन सामग्री किट तैयार करने के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान हेतु प्रत्येक सामाग्री अति महत्वपूर्ण होती है, इसलिए आयोग से प्राप्त सूची के अनुसार ही सभी सामग्री निर्वाचन किटों में रखना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारी निर्वाचन सामाग्री को निर्देश दिये कि सूची से मिलान करते हुये थैले बनाये तथा थैलों को विधानसभावार अलग-अलग रखा जाये। उन्होने कहा विधानसभावार किट बनाते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि निर्वाचन नामावली सम्बन्धित मतदेय स्थल की ही हो। उन्होने कहा कि मतदान पार्टियों को मतदान सामग्री देने



से पूर्व भी किट की भली-भांति जांच कर ली जाये ताकि कोई भी सामग्री छुटने न पाये। उन्होने नोडल निर्वाचन सामाग्री को यह भी निर्देश दिये कि मतदान दिवस से एक दिन पूर्व मतदान पार्टियों को बगवाड़ा मंडी से मतदान हेतु रवाना किया जायेगा, बगवाड़ा मंडी में भी सामाग्री सहित स्टांल लगाया जाये ताकि कोई भी मतदान सामग्री कम होने पर तत्काल मतदान कार्मिकों को उपलब्ध करायी जा सकें। इस दौरान नोडल अधिकारी कार्मिक मनीष कुमार, नोडल मतदान सामग्री भावना जोशी व उनकी टीम उपस्थित थी।

## कृषि निदेशक ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। कृषि निदेशक के.सी. पाठक ने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड गदरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक के साथ मुख्य कृषि अधिकारी अजय वर्मा ,भूमि संरक्षण अधिकारी काशीपुर शशि कमल भी थे। मुख्य कृषि अधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी एवं भविष्य में भी एफ पी ओ को अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया। एफपीओ को फर्टिलाइजर सेंटर एवं सीड सेंटर दिलवाने का आश्वासन भी दिया। पंतनगर विश्व विद्यालय से आए प्रसार एवं शिक्षा निदेशक जितेंद्र क्वात्रा ने भी एफ पी ओ द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराई । एफपीओ की सी.ई.ओ .सीमा रानी ने एफ.पी.ओ. में हो रही विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी के साथ भविष्य में होने वाली गतितिविधियो की जानकारी भी कृषि



निदेशक को दी। साथ ही इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष त्रिलोक चंद एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर विनोद कुमार गुंबर द्वारा चर्चा करते हुए एफपीओ को मिले ड्रोन की जानकारी सांझा की। कार्यक्रम में कृषि प्रभारी गदरपुर अनिल अरोड़ा,समिति उपाध्यक्ष कुसुम रानी, समिति सचिव रश्मि रावत,बोर्ड आफ डायरेक्टर अशोक कुमार, सुरजीत कुमार डाबर, फूल सिंह,गुलशन कुमार ,हरनाम चंद, रेखा रानी,वीरेंद्र सिंह, समिति सदस्य हरलोक सिंह,महेश कुमार, गोविन्द सिंह,लखन सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महानाम संकीर्तन में कीर्तन मंडलियों ने किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम शिवपुर में महानाम संकीर्तन कमेटी द्वारा आयोजित अखण्ड महानाम संकीर्तन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर संकीर्तन सुना और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री ठुकराल ने कहा कि अखण्ड नाम संकीर्तन का आयोजन सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृति मजबूत होती है और समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि महानाम संकीर्तन जहां भी होता है वहां पर कई बुराईयां दूर हो जाती है। कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सही राह दिखाते हैं। श्री ठुकराल ने ऐसे आयोजनों में अपना हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार



ठुकराल व संजय गगन ग्रोवर, ललित सिंह बिष्ट, शैलेंद्र कोली, बंटी कोली का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर कीर्तन मंडली बीना पानी संप्रदाय उड़ीसा, श्री गोपाल संप्रदाय अमृत नगर, अणिमा संप्रदाय कोलकाता, राधा कृष्ण संप्रदाय राजस्थान, जय जगन्नाथ मल्कानगिरि ओडिशा, राधा गोविंद संप्रदाय महाराष्ट्र आदि कीर्तन मंडलियों ने संकीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रकाश दास, रवि ढाली, नवीन कुमार,गोविंद ढाली,नरेश रे,अशोक ढाली,मृत्युंजय हलधर,गोपाल नाग,पंकज रे,सूरज मंडल, संजीत मंडल,प्रवाश ढाली,मंगल विश्वास, अरुण, मालाकार,गोविंद नाग,पवित्रा बैरागी,निगमानंद पांडे, विजय शिकारी, हेमन्त मंडल, सुजय हलधर,सरिता चौधरी,कल्पना दास, सुमित्रा रे,गीता विश्वास, शिवानी, एनिमा,माधवी राय,माया व्यापरी,पिंकी हलधर,आदि लोग उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जनसम्पर्क

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्रामसभा रोशनपुर के ग्राम फतेहगंज में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा द्वारा संचालित 'शक्ति पथ सभा' कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर अभियान में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए एक त्यौहार की तरह है जिसमें सभी सम्मानित जनता की सहभागिता



आवश्यक है तथा 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो ऐसा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेश हुड़िआ,दिनेशपुर मंडल अध्यक्ष सतीश चुग,राजेंद्र पोपली, सतीश पोपली, ग्राम प्रधान लाखन सिंह,ग्राम प्रधान सर्वेश सैनी,गंगाराम सिंह,सेवाराम सिंह,महेश प्रसाद,भूपेंद्र आर्य,नारायण सिंह,श्याम सिंह,कुणाल रस्तोगी,श्याम सिंह,अरुण सिंह,हितेश पोपली सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कालेज में दिलाई मतदान की शपथ

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने महाविद्यालय के सभी कर्मियों व छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाई।यह शपथ कार्यक्रम प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में 10 अप्रैल 2024 को एक साथ आयोजित कराए जाने का शासनादेश था ।शपथ लेने के उपरांत प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को



मतदान के लिए प्रेरित किया और कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र में भाग्य विधाता होता है इसलिए सभी बढ़-कर कर चुनाव में भागीदारी करें। कार्यक्रम में कुल 53 छात्र-छात्राओं ने शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ उमराव सिंह ने किया साथ में शपथ लेने वालों में डॉ हर्षिता तिवारी, डॉ किरन बाला, श्री सुभम गंगवार, श्री आनन्द सिंह व श्री गौतम जी भी और रोशनी, अंकित, महेंद्र, शिवानी उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए दिलाई शपथ

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय की जागरूकता समिति द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम थीम के अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा की गई, उन्होंने



उपस्थित सभी को अनिवार्य रूप से आने वाले 19 अप्रैल को स्वयं तथा दूसरों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। इस अवसर पर कैंपस एंबेसडर डॉक्टर श्रीहरि प्रसाद सुश्री प्रभजोत कौर, सदस्य डॉक्टर प्रमोद वर्मा, मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य समस्त पर प्रध्यापक शिक्षणेत्तर कर्मचारी छात्र- छात्राएं एवं श्री कुलविंदर सिंह श्री बृजेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसंपर्क

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महासंपर्क अभियान के तहत जिला सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ उदय वार्ष्णेय के नेतृत्व में घर-घर प्रचार अभियान चलाया। अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद किया और सभी का आशीर्वाद लिया और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष मे मतदान करने की अपील की । इस



दौरान करन, हरीश सिंह थापा, मदन लाल शर्मा, परमवीर सिंह, मन बहादुर मौजूद रहे।

# कांग्रेस का अस्तित्व समाप्ति की ओर: धामी

## सीएम धामी ने भाजपा प्रत्याशी बलूनी के लिए मांगे वोट

रामनगर (उद संवाददाता)। पौड़ी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी अनिल बलूनी के प्रचार में रामनगर के मालधन क्षेत्र में पहुंचकर चुनावी सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान मीडिया





से रुबरु होते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरीश रावत के क्यू आर कोड के जरिये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के चंदा मांगने पर कहा कि यह हरीश रावत का चुनावी स्टंट है,वे केवल एक स्टंट खेल रहे हैं।साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने ठान लिया है कि वे पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाएंगे।उन्होंने कहा कि आज मोदी ने जितना किया आज तक वो कोई भी प्रधानमंत्री नही कर पाया, उन्होंने कहा कि इस बार हम पूरे देश मे रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतने वाले है। रामनगर जनसभा में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने मालधन पहुंचकर कन्या पूजन भी किया,साथ ही कन्याओं को उपहार भी दिए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातनी और महिला विरोधी होने के साथ ही भ्रष्टाचारी है। उन्होंने कहा कि आज देश में कांग्रेस का अस्तित्व समाप्ति की ओर है और 70 सालों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस को इस बार देश की जनता करारा जवाब देगी। वहीं उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड में अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा अभियान चला कर सरकार ने भारी मात्रा में सरकारी जमीन से अतिक्रमण खाली करा कर उसे कब्जे में लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त होने के बाद उत्तराखंड में फिर से अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है उसमें उनके द्वारा मुस्लिम पर्सनल लॉ की बात को आगे बढ़ाने की बात कही है तो वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने का काम किया है। लेकिन वहीं भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने भी जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग जनता को जाकर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का विरोध करने वाले लोग आज वन ग्रामों में बैठे लोगों को उठाने की बात कह कर सरकार को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन ग्रामों में रहने वाले लोगों को उजाड़ा नहीं जाएगा बल्कि ऐसे गांव को नियमितकरणकर उन्हें राजस्व गांव बनाया जाएगा।

# भाजपा नेताओं ने मुस्लिम भाईयों को दी ईद की बधाई

खटीमा (उद संवाददाता)। ईद उल फितर के अवसर पर खटीमा मस्जिद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी। मस्जिद कमेटी के सदर कामिल खान ने इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों का स्वागत करते हुए ईद उल फितर की शुभकामनाएं दी। सुबह से ही मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदेश एवं देश की तरक्की के लिए दुआ की। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मस्जिद गेट पर गले मिलकर सभी को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी के सदर कामिल खान ने कहा कि खटीमा शहर कौमी एकता का गुलदस्ता है। आज सभी लोग ईद एवं नवरात्र पर्व आपस




में मिल जुल कर मना रहे हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने इस अवसर पर सभी मुस्लिम समाज के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए, आपस में भाईचारा एवं सामाजिक शहर बनाए रखना एवं मिलजुल कर सभी त्योहार मनाने एवं प्रदेश एवं देश के विकास में अपना योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज वाधवा, 20 सूत्री क्रियावन समिति के सदस्य तारीख मलिक, हाफिज उर रहमान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नगर अध्यक्ष जावेद रिजवी, मुस्तकीम मलिक, परवेज खान, सरफराज हुसैन, जावेद खान, अनवर मलिक, राजू कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण ठाकुर, किसान नेता प्रकाश तिवारी, बाबूराम अरोड़ा, नवनीत गुप्ता, विजय गुप्ता, अरमान अंसारी, बाबू अंसारी सलीम गुड्डू आदि थे।

# अजय भट्ट ने की रूद्रपुर के युवक पर आतंकी हमले की निन्दा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट ने रुद्रपुर के ग्राम कीरतपुर निवासी टैक्सी चालक पर जम्मू-कश्मीर के शोपिया जिले में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही आश्वस्त किया है कि घायल टैक्सी चालक को उच्च स्तरीय उपचार मुहैया होगा। गौरतलब है कि कीरतपुर निवासी दिलरंजन सिंह जम्मू कश्मीर में आतंकियों की गोली लगने से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर श्री भट्ट ने मंत्रालय के जरिए पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# शांति से मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुवार को ईद उल फितर का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ मिलकर ईदगाह समेत मजरा शीला, झगड़पुरी, पत्थर कुई, मसीत, महतोष, सहित विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज पड़ी और देश में अमन और शांति एवं कोम की तरक्की के लिए दुआएं की। गदरपुर ईदगाह में 8 बजे ईद





की नमाज अदा की गई । इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह एवं मस्जिदों पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद मौलाना ने सभी से मिलजुल कर गिले शिकवे भुलाकर ईद मनाने की अपील की। साथ ही साथ मुल्क हिंदुस्तान की कामयाबी तरक्की और अमन चैन के लिए दुआएं भी की। दरअसल बुधवार की रात चांद दिखाई देने पर मौलाना ने ईद का त्यौहार मनाए जाने का ऐलान किया था ईद को लेकर ही कई दिन से बाजारों में बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी खरीदारी करने में जुटे थे बृहस्पतिवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया। इसके बाद सिवई खीर और अन्य पकवान बनाए गए और लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर ईद की दावत की। इस दौरान ईदगाह में नमाज पढ़ने वाले उमर अली, शाकिर अली, सलीम बाबा, मोहम्मद यामीन, दिलशाद भाई, देवा, मकसद, महफूज, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद आलम, फहीम, इरशाद, तौकीर रजा, जाकिर, असलम, नफीस, मुजफ्फर, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद कामिल,तस्लीम,आरिफ, तुफैल, एजाज सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।




# डीपीएस के छात्रों ने बिसलेरी प्लांट का किया भ्रमण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल के भारतीय मानक ब्यूरो क्लब के छात्रों ने सिडकुल क्षेत्र में स्थित





बिसलेरी प्लांट का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पेय उद्योग के भीतर मानकों के अनुपालन के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था। बीआईएस के दीपक कुमार पांडे और संकाय सदस्यों के नेतृत्व में, छात्रों ने बिसलेरी में उत्पादन, गुणवत्ता आश्वासन और पैकेजिंग प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के कड़े पालन को देखा। इंटरैक्टिव सत्रों और निर्देशित पर्यटन के माध्यम से, उन्होंने उपभोक्ता सुरक्षा और उत्पाद उत्कृष्टता सुनिश्चित करने में गुणवत्ता नियंत्रण और मानकों के कार्यान्वयन के महत्व की गहरी समझ हासिल की। इस यात्रा ने छात्रों के बीच मानकों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने, गुणवत्ता चेतना और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बीआईएस क्लब की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# पूर्व दर्जा मंत्री और पूर्व जिपं सदस्य भाजपा में शामिल

गदरपुर। वरिष्ठ नेता पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जगदीश संधू एवं पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि बंसी कंबोज ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यों से खुश होकर कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली । भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए चुनाव में अधिक से अधिक मतों से अजय भट्ट को विजयी बनाने की अपील की। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बधाई देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति जो राष्ट्रहित की भावना रखता हो वह भारतीय जनता पार्टी से दूर नहीं रह सकता और स्वयं ही भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा बन जाता है और भाजपा सदैव ही समाज हितेषी नेताओं का स्वागत करती आई है और मोदी का परिवार जिस शीघ्रता से बढ़ रहा है उसके लिए मोदी एवं धामी की जनकल्याण नीतियों एवं राष्ट्र के लिए उनका प्रेम की सबसे बड़ा कारण है।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## संदेशखाली कांड की जांच

अगर अदालत किसी आपराधिक मामले की जांच केंद्रीय एजंसी को सौंप दे तो उससे यही संदेश जाता है कि उस मामले को सुलझाने में राज्य सरकार नाकाम रही या उस पर भरोसा नहीं रह गया है। पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन कब्जा करने के मामले में वहां के उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने का आदेश दिया है। इससे राज्य सरकार पर कमजोर हुए भरोसे का संदेश जाता है। हालांकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस मामले को भाजपा की रची साजिश बता रही है। इस वर्ष जनवरी से ही संदेशखाली विवादों में घिरा हुआ है। राशन घोटाला मामले में जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय का दल तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचा तो उस पर पथराव किया गया, जिसमें कई कर्मचारी घायल हो गए। उसके बाद वहां की महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख के लोग महिलाओं को घर से उठा कर ले जाते और उनका यौन शोषण करते हैं। उन्होंने कई भूखंडों पर जबरन कब्जा कर लिया है। इसे लेकर महिलाएं पिछले करीब दो महीने से आंदोलन कर रही हैं। हालांकि राज्य सरकार ने मामले की जांच कराई, पर उसमें कोई भी आरोप साबित नहीं हो पाया। उसके बाद वहां भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। कोलकाता उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया था। पहले उसने राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी, पर उसमें तमाम आरोपों का सिरे से खंडन ही किया गया था। राज्य महिला आयोग और पुलिस की महिला शाखा की रिपोर्टें राज्य सरकार की दलीलों को सही ठहरा रही हैं, मगर राष्ट्रीय महिला आयोग इसके उलट तस्वीर पेश कर रहा है। स्वाभाविक ही, अदालत ने मामले की जांच सीबीआइ से कराना उचित समझा है। अब संदेशखाली को लेकर राजनीतिक रस्साकशी कुछ अधिक बढ़ गई है। इसे लेकर भाजपा जहां ममता सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं ममता बनर्जी का कहना है कि संदेशखाली आरएसएस का गढ़ बन चुका है और वही ऐसे बेबुनियाद विवाद पैदा कर रहा है। जाहिर है, इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत सामने नहीं आ पा रही। शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप हैं और उसे केवल एकतरफा दलीलों के आधार पर बेगुनाह करार नहीं दिया जा सकता। पश्चिम बंगाल पर सदा से राजनीतिक वर्चस्व के लिए खूनी संघर्ष और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगता रहा है। पहले वाम मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगते थे कि वे सरकारी संरक्षण में जमीनों पर कब्जा करते, ठेके उठाते, अनियमितताएं करते और विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करते हैं। उन्हीं प्रवृत्तियों के प्रतिकार में लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के हाथ में सत्ता सौंपी थी। मगर अब यह छिपी बात नहीं है कि तृणमूल के कार्यकर्ता और नेता भी उसी राह पर चल पड़े हैं, जिस पर पहले वाम मोर्चा के कार्यकर्ता चला करते थे। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें तृणमूल कार्यकर्ताओं और नेताओं पर दबंगई के आरोप हैं। हालांकि भाजपा जिस तरीके से अपना राजनीतिक प्रभाव जमाना चाहती है, वह भी आरोपों से मुक्त नहीं है। मगर चूंकि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर है, इसलिए उससे पारदर्शिता और निष्पक्षता की उम्मीद अधिक की जाती है। संदेशखाली को लेकर छिड़े विवादों को अगर राज्य सरकार ने निष्पक्ष होकर निपटा लिया होता, तो अदालत को सीबीआइ जांच का आदेश देना ही न पड़ता।

## आर्य समाज का स्थापना दिवस मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला आर्य सभा ने आर्य समाज का 149 वां स्थापना दिवस व भारतीय नववर्ष धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आर्य सभा के प्रधान डा. विश्वमित्र आचार्य ने व संचालन मंत्री डा. अशोक आर्य प्रचार विभाग के पं. महेन्द्र पाल ने किया। इस दौरान पं. प्रभात कुमार शर्मा, महेन्द्र पाल, डा. प्रतिभा शास्त्री, जागृति सक्सेना, विनोद सिंह फौगाट, डा. सुरेश कुमार आर्य, डा. एमएस वर्मा, प्रभाष चन्द्र अग्रवाल, देवेन्द्र नाथ मंडल, रोहन सिंह, नन्दराम आर्य, मोहन सिंह, नरपत सिंह आर्य, सत्यदेव सिंह आर्य, सुरेश चन्द्र गुप्ता, टेक चन्द्र आर्य, सुशील आर्य, वेद प्रकाश यादव, राजबाला, रामगिरी, शीशपाल, अनिल चौधरी, जीव चन्द्र उप्रेती, केशव कुमारी, चन्दन आर्य, चौधरी बृजपाल सिंह, अभिनव सक्सेना, हितेश कुमार आर्य, वंश, वीरा देवी आदि मौजूद थे।

# सुन ओ आमा बुबू, मतदान करी ऊँलां

## कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत का गीत मतदान के प्रति कर रहा जागरूक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर आगामी 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाता जागरूकता को लेकर निरंतर रूप से मीडिया, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं। इसी कड़ी में अब कुमाऊँ कमिश्नर एवं वरिष्ठ आईएएस दीपक रावत ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में गीत के जरिये मतदाता को जागरूक करने का प्रयास किया है। वरिष्ठ




आईएएस ने सुन ओ आमा, बुबू, मतदान करी ओलां शीर्षक से गीत रिकॉर्ड किया है जिसे सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। गीत में वह स्थानीय बोली भाषा में समाज के हर तबके युवा, बुजुर्गों, महिलाओं को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। 18 वर्ष के नवयुवाओं को भी वह अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गीत में लोकतंत्र फुल सपोर्ट लाइन का इस्तेमाल कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया है। गौरतलब है कि लोकतंत्र के महापर्व को लेकर उत्तराखंड के स्थानीय सेलेब्रिटीज से लेकर तमाम बॉलीवुड कलाकार व अन्य पेशों से जुड़े लोग, जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशी के लिए किया प्रचार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 2 के पूर्व पार्षद व नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी ने बूथ नंबर 11में वार्ड के कार्यकर्ता के साथ घर-घर जाकर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर से दिलीप अधिकारी ने मतदाताओं को बताया कि आज मोदी के कारण भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। भारत ने चंद्रयान बनाकर पूरे विश्व में अपना परचम



लहराया है। हर राज्य में वंदे भारत ट्रेन चलाकर मोदी ने बुलेट ट्रेन की सौगात दी है। अब मोदी का अगला कदम है भारत को विकसित देश में गिनती करने और विश्व में पहचान बनाने की। इस अवसर पर चोखेलाल गंगवार, गणपत श्रीवास्तव, नेमचंद, टीकाराम, सुशील कुमार, बृजमोहन, श्याम बहादुर, तेजराम, बृजमोहन, सावित्री देवी, पूनम देवी, रामादेवी, गायत्री देवी आदि मौजूद थे।

## चुनाव बहिष्कार क्षेत्र कूकना के ग्रामीण मतदान के लिए तैयार

हल्द्वानी। विकास भवन परिसर भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अशोक कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में चुनाव बहिष्कार क्षेत्र ग्रामसभा कूकना विकासखण्ड ओखलकाण्डा के जनप्रतिनिधियों के साथ आवश्यक बैठक की गयी जिसमे मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा कूकना क्षेत्र की जनप्रनिधियों की जन-समस्याओं को सुना गया, जनप्रनिधियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से कूकना क्षेत्र में स्थित कैडागाँव हाईस्कूल हाईस्कूल का उच्चीकरण, सडक निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पेयजल आदि मांगों का समाधान अध्यतन नही हो पाया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनप्रनिधियों को आश्वासन दिया गया कि सम्बन्धित विभागों द्वारा कूकना गाँव की जन समस्याओं का समाधान शीधता से किया जायेगा, साथ मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा जनप्रतिनिधियों से अपील की गयी कि समस्त ग्रामीणों के साथ आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मताधिकार करेगें एवं जनप्रतिनिधियों को मतदान प्रचार-प्रसार सामग्री उपलब्ध करायी गयी साथ ही जनप्रतिनिधियों को मतदान शपथ भी दिलाई गयी, उक्त बैठक में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री नरेश कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान श्री मदन सिह नौलिया, युवा मंगल दल अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह धौनी, श्री दीवान सिह बर्गली, श्री भीम सिह कटौला, श्री बलवन्त सिह पडियार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओखलकाण्डा सुलोहिता नेगी, ग्राम पंचायत अधिकारी ललित कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार एवं स्वीप टीम से राकेश लाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सग्राम सेनानी परिवार ने दी मतदान बहिष्कार की चेतावनी

गदरपुर (उद संवाददाता)। ब्लाक क्षेत्र गदरपुर के ग्राम बकैनिया निवासी सेनानी परिवार के विजय प्रकाश पाण्डेय ने जिलाधिकारी को दिए एक प्रार्थना के माध्यम से कहा कि उनके घर तक आने वाली तीन सौ मीटर जर्जर संकरी सड़क के चलते घर/ खेत में आने - जाने के दौरान वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। जिस पर जिलाधिकारी ने सीडीओ एवं लोक निर्माण विभाग से शिकायत कर्ता शिकायत की जांच किए जाने के निर्देश दिये है। उधर सेनानी परिवार के विजय प्रकाश ने बताया कि उनके गांव के 30 ग्रामीण मतदाताओं ने एक राय होकर निर्णय लिया है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व यदि प्रशासन सड़क की मरम्मत नही कराए जाने का संतोषजनक आश्वासन नही देता तो मतदान नहीं करेगें। वहीं तहसीलदार ने मौका मुआयना कर सम्बंधित अधिकारियों से सूचना मांगी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम पूनम रानी से बदलकर सारिका अरोरा रख लिया है। भविष्य में मुझे सारिका अरोरा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सारिका अरोरा पत्नी श्री सुनील कुमार अरोरा, निवासी-एच.नं-ए-31, डबल्यू नं-11, दुर्गा मंदिर गली, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी 'ईद-उल-फितर' की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'ईद-उल-फितर' पर प्रदेशवासियों को विशेषकर पर मुस्लिम समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या पर प्रेषित अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि 'ईद-उल-फितर' का त्योहार हम सबको प्यार-मोहब्बत, आपसी भाई-चारे तथा समरसता की भावना का संदेश देता है। उन्होंने कहा की हमारे देश में विभिन्न धर्म और समुदायों द्वारा मनाये जाने वाले त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर, एक दूसरे की खुशियों को बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर हमें समरसता के संदेश को मजबूती से बढ़ाने का संकल्प करना चाहिए, जो राष्ट्र की समृद्धि और एकता के लिए महत्वपूर्ण है।



# गीतों में पहाड़ की नारी की पीड़ा और संघर्ष को दी आवाज

## अचानक निधन की सूचना से हजारों प्रशंसक हुए गमगीन, झोड़ा, चांचरी, न्योली सभी विधाओं में महारथ हासिल थी, आकाशवाणी अल्मोड़ा से ए ग्रेड गायक का दर्जा मिला





हल्द्वानी। कुमाऊं के सदाबहार प्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद मेहरा का 53 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया है। उधर सोशल मीडिया में भी लोक कलाकार समेत आम जनता भी दुख जता रही है। लोक गायक प्रहलाद मेहरा को बुधवार दोपहर में हल्द्वानी स्थित आवास में अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद स्वजन उनके पार्थिव शरीर को लेकर बिंदुखत्ता के संजय नगर स्थित उनके आवास में पहुंचे तो क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भारी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उनके आवास में एकत्र हो गए। प्रहलाद मेहरा के तीन बेटे हैं। उनका एक पुत्र नीरज मेहरा हल्द्वानी एमबीपीजी कालेज में छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुका है। जबकि प्रहलाद मेहरा के भाई मनोहर मेहरा सामाजिक कार्यकर्ता के साथ ही संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हैं। उन्होंने उत्तराखंड की संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए प्रहलाद मेहरा ने कई गीत गाए हैं। जिससे युवा पीढ़ी संगीत के माध्यम से अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आगे आ सके। प्रहलाद दा के गीतों में पहाड़ की नारी की पीड़ा है। संघर्ष है। नौकरी के लिए परदेश में भटकते युवाओं के मन की व्यथा है और हर मन को लुभाते पहाड़ का सौंदर्य भी। प्रहलाद दा ने ऐसे गीत रचे जिनमें हर कोई खुद को पाता है। शिक्षक पिता के घर जन्मे प्रहलाद दा का पढ़ाई में मन कम रमा।1980-85 के दौर में जब मेले व रामलीला का खूब चलन था। पिताजी से डर के बावजूद प्रहलाद दा रामलीला, मेले में यदा-कदा कुछ गा लिया करते। कुमाऊं के सुर सम्राट स्व. गोपाल बाबू गोस्वामी, स्व. हीरा सिंह राणा, नैन सिंह रावल को सुन गाने-लिखने की प्रेरणा मिली। हमेशा पहाड़ के इर्द-गिर्द गीत रचे। उन्हें गीत, झोड़ा, चांचरी, न्योली सभी विधाओं में महारथ हासिल थी। महिलाओं के संघर्ष को आवाज देते हुए 'पहाड़ै की चेली लै कभै न खाया द्वि रवाटा सुखै लै' गीत गाया। बार घंटै की ड्यूटी मेरी तनख्वाह ढाई हजार.. से छोटी नौकरी के लिए महानगरों में धक्के खाते युवाओं की व्यथा लिखी। लोक गायकी का अनमोल सितारा अपने प्रशसंकों को हमेशा के लिए निराश कर गया। प्रह्लाद मेहरा ने पहाड़ की पीड़ा और वहां की दुश्वारियों को करीब से देखा। यही पीड़ा उनके अंतरमन से बाहर आई और यह दर्द एक गीत के रूप में तब्दील हो गया, जिसे प्रह्लाद मेहरा को गायकी के क्षेत्र में एक पहचान दिलाई। गीत एवं संगीत को अपने जीवन का अभिन्न अंग मान चुके प्रह्लाद मेहरा आकाशवाणी अल्मोड़ा में परीक्षा देने गए जहां उनकी आवाज का जादू दिखाई दिया और उन्हें वर्ष 89 में आकाशवाणी अल्मोड़ा द्वारा ए ग्रेड का दर्जा दिया गया। यहीं से मेहरा का स्वर्णिम सफर शुरू हुआ और एक के बाद एक डेढ़ सौ से अधिक गाने उन्होंने अपने कॅरिअर में गाए। प्रह्लाद मेहरा वास्तव में गायक ही नहीं स्टेज कलाकार के रूप में जाने जाते थे। प्रख्यात लोक गायक ललित मोहन जोशी जो प्रह्लाद मेहरा को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने पहाड़ की नैसर्गिक आभा को भी अपने गीतों का माध्यम बनाया और एक से बढ़कर एक गीत गाए। इसके अलावा उन्होंने प्रेमियों के युगल गीत को भी अपनी आवाज दी। प्रहलाद मेहरा ने पहाड़ की कई खूबियों को बहुत ही नजदीकी से समझा। सुदूर पहाड़ियों में जाकर लकड़ी और घास लाने वाली महिलाओं की जिंदगी को भी उन्होंने बहुत नजदीक से समझा। पहाड़ की महिलाएं जब घास और लकड़ी लाकर किसी दुकान में जलेबी खाती थी तो उस जलेबी का महत्व भी उन्होंने अपने गीतों में बताया है और गाया है कां छ तेरो जलेबी को डाब। प्रहलाद मेहरा कुमाऊनी नाटक की प्रस्तुति भी बहुत ही बारीकी और खूबसूरती से करते थे। उन्होंने भस्मासुर नाटक का निर्देशन भी बड़ी ही बखूबी से किया। प्रह्लाद मेहरा इसके अलावा देवीधुरा के बग्वाल मेले में अपनी आवाज का जादू बिखेरते रहे। पर्वतीय उत्थान मंच में भी वह एक विशेष किरदार की भूमिका निभाते रहे। मेहरा आज हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनकी यादें हमेशा हम सबके बीच में रहेंगी।

# नहीं रहे लोक गायक प्रह्लाद मेहरा, शोक में डूबा पहाड़

## मखमली आवाज के धनी प्रह्लाद मेहरा के 'ऐजा मेरा दानपुरा' गीत सुनकर थिरकने लगते हैं पैर

बागेश्वर/हल्द्वानी(उद ब्यूरो)। उत्तरांखड के मशहूर कुमाऊंनी लोक गायक प्रह्लाद मेहरा का आकस्मिक निधन की खबर से लोक संगीत जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। उनके निधन पर प्रदेशभर के लोकगायकों एवं लोक संगीत जगत से जुड़ी तमाम हस्तियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड के लोक गायक प्रहलाद मेहरा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। हल्द्वानी के कृष्णा अस्पताल में अंतिम सांस ली। वहीं लोकप्रिय गायक प्रह्लाद मेहरा के निधन की खबर से लाखों प्रशंसकों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के ईश्वर से प्राथाना की है। लोकगायक प्रह्लाद मेहरा का जन्म 04 जनवरी 1971 को पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी तहसील चामी भेंसकोट में एक राजपूत परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम हेम सिंह है वह शिक्षक रह चुके हैं, उनकी माता का नाम लाली देवी है। अगर आपने ऐजा मेरा दानपुरा गीत सुना होगा तो इस मखमली आवाज के धनी प्रह्लाद मेहरा के बारे में भी सुना होगा। 80 के दशक में पिथौरागढ़ के एक बच्चे ने इजा, आमा और दीदियों को घर में गाने गुनगुनाते सुनकर गाना शुरू किया।



फिर रेडियो और टेप रिकॉर्डर पर गीत सुने तो उसका जुनून और परवान चढ़ा। गोपाल बाबू गोस्वामी के गीत सुने तो ठान लिया कि गायक ही बनना है। बिना पारंपरिक शिक्षा लिए प्रह्लाद मेहरा ने 1989 में गायन के क्षेत्र में कदम रख लिया। स्टेज पर जब पहली बार गाना गाया तो वो अनुभव बहुत अच्छा नहीं था। प्रह्लाद मेहरा को वहां से जाना पड़ा था। रामलीला और झोड़े-चांचड़ी से प्रह्लाद मेहरा ने सार्वजनिक रूप में गीत गाने शुरू किए। मेहरा जी के पिता शिक्षा विभाग में थे. पिता साथ बिठाकर गाने गवाते थे। धीरे-धीरे लोग उनकी आवाज को पसंद करने लगे। प्रह्लाद मेहरा आकाशवाणी और दूरदर्शन में कोई छोटी-मोटी नौकरी करने की ख्वाइश रखते थे. लेकिन उनकी कला ने उनको पहाड़ के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक बना दिया। मशहूर लोक गायक गोपाल बाबू गोस्वामी और गजेंद्र राणा से प्रभावित होकर प्रहलाद मेहरा उत्तराखंड के संगीत जगत में आए। साल 1989 में अल्मोड़ा आकाशवाणी में उन्होंने स्वर परीक्षा पास की प्रहलाद मेहरा अल्मोड़ा आकाशवाणी में ए श्रेणी के गायक भी रहे। पहाड़ की चेली ले, दु रवाटा कभे न खायाओ हिमा जागका छ तेरो जलेबी को डाब, चांदी बटना दाज्यू, कुर्ती कॉलर मां ,मेरी मधुली एजा मेरा दानपुरा जैसे इस सुपर हिट गानों को अपनी आवाज देकर वह उत्तराखंड के लाखों लोगों के दिलों में छा गए।

## प्रह्लाद दा ने लोक संगीत से हमारी संस्कृति को नई पहचान देने का अविस्मरणीय कार्य किया : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक गायक प्रह्लाद मेहरा के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक श्री प्रह्लाद मेहरा जी का निधन लोक संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रह्लाद दा ने लोक संगीत के माध्यम से हमारी संस्कृति को नई पहचान देने का अविस्मरणीय कार्य किया। आपके द्वारा गाए गए गीत सदैव देवभूमि की संस्कृति को आलोकित करेंगे। ईश्वर से पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों व प्रशंसकों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। विनम्र श्रद्धांजलि ! वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने लोक गायक श्री प्रह्लाद मेहरा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अपनी मधुर वाणी से कुमाऊँनी गीतों को अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक ले जाने वाले



उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोकगायक बाल्यकाल से मेरे अति प्रिय रहे छोटे भाई प्रह्लाद मेहरा जी के निधन से मन एवं हृदय कष्ट में है । उनका संघर्षमय जीवन प्रदेश की युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा का श्रोत रहेगा । मैं माँ भगवती से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके परिवार को इस कष्ट से उबरने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ । प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने कुमाऊंनी लोक गायक लोक गायक श्री प्रह्लाद मेहरा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकगायक श्री प्रहलाद सिंह मेहरा जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर मुझे अत्यन्त दु:ख हुआ, उनका निधन उत्तराखंड एवं समस्त संगीत जगत के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। मैं, उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये उनके परिजनों व प्रशंसकों तक अपनी संवेदना प्रेषित करता हूं। भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## श्री राधे गोविन्द मंदिर में श्री अखंड महानाम संकीर्तन 13 से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री राधा गोविंद मंदिर आई ब्लॉक जीट्रांजिट कैंप में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन समिति द्वारा सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार आगामी 13अप्रैल दिन शनिवार को प्रात: 11बजे आयोजन स्थल से सैकड़ों महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो मंदिर से प्रस्थान कर मुख्य मार्गों होते हुए वापिस श्री राधा गोविंद मंदिर लौटेंगी। जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापित किए जायेंगे। इसी दिन रात्रि 8 बजे से अधिवास एवं मृदंग पूजा की जायेगी। 14 अप्रैल दिन रविवार को प्रात: 6 बजे से महानाम संकीर्तन का शुभारंभ किया जायेगा। जिसमें आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय ( वारासात, कोलकाता), भाई बुन बाउल संप्रदाय (छत्तीसगढ़), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (न्यूरिया, उप्र), राधे राधे संप्रदाय( मियांपुर, उप्र) व राधा कृष्ण संप्रदाय (दिनेशपुर) द्वारा 18 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। 18 अप्रैल को प्रात: 6 बजे महानाम संकीर्तन को विश्राम देने के पश्चात तुलसी परिक्रमा की जायेगी। आयोजन कमेटी ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों मे सपरिवार पहुंचकर नाम रूपी महानाम पाकर जीवन सफल बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की तैयारियों में आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्यों सहित वार्ड के सभी लोग जुटे हुए हैं।

## शिव गौरी मंदिर में मां चंद्रघंटा की पूजा संपन्न

काशीपुर(उद संवाददाता)। सनातन धर्म शास्त्रों और पुराणों के



अनुसार वर्ष भर में कुछ विशेष तिथियां और विशेष समय होता है जिस समय में की गई उपासना ,साधना जीवन में चल रही कई परेशानियों का निवारण कर देती है। नवरात्रि के पावन समय में भगवती लक्ष्मी को आप प्रसन्न कर सकते हैं । धन से जुड़ी हुई कोई समस्या हो या किसी कार्य को पूर्ण होने में रुकावट आ रही हो या किसी भी प्रकार का ग्रह दोष लगा हो । तो आप 9 दिन के इस पावन समय में विभिन्न प्रकार के मंत्र और उपाय कर सकते हैं । जो शीघ्र फलदाई हैं लेकिन करने वाले की श्रद्धा भक्ति और विश्वास पर यह उपाय कार्य करते हैं । देवी भागवत में भगवती लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए बहुत सारे स्त्रोत मंत्र और उपाय बताए गए है । उन्हीं में से कुछ एक उपाय पंडित विशाल शर्मा शास्त्री जी आपको बतला रहे हैं यदि घर में लक्ष्मी का अभाव है या लक्ष्मी की घर में स्थिरता नहीं है धन आता है परंतु अधिक खर्च हो जाता है। तो लक्ष्मी की स्थिरता के लिए नवरात्रि में9 दिन श्री सूक्त का पाठ करते हुए भगवती दुर्गा को आम के रस और गन्ने के रस से प्रात: काल श्रद्धा भाव के साथ स्नान करना चाहिए तो निश्चित रूप से आर्थिक स्थिति उत्तम होगी और घर में लक्ष्मी की स्थिरता भी होगी ।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस विकास और विरासत...**थी और इसे पूरा करके दिखाया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार थी तब-तब दुश्मन ने फायदा उठाया। आज देश में मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए 370 खत्म करने का साहस दिखाया। तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया। महिलाओं को लोकसभा तथा विधानसभा में आरक्षण दिया। कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक ऑन पेंशन लागू न होती। पीएम ने कहा कि कांग्रेस विकास और विरासत की विरोधी है। कांग्रेस ने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए हैँ।ये कांग्रेस ही है जिसने पहले राम मंदिर का विरोध किया। अदालत में भी रुकावटें डाली। लेकिन राम मंदिर बनाने वालों ने उनके सारे गुनाह माफ करके घर जाकर निमंत्रण दिया, लेकिन उन्होंने उस अवसर का भी तिरस्कार कर दिया। हिंदू धर्म में जो शक्ति है इस कुरीति का नाश करेगी। उसे पूरा नहीं होने देंगे। कहा कि अब कांग्रेस गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठा रही है। लेकिन जनता उन्हें सबक जरूर सिखाएगी। हम विकसित भारत के संकल्प का सपना पूरा करना है तो कमल खिलाने होंगे। बाकी काम करना मेरी गरंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गढ़वाल हो या कुमाऊं माताओं बहनों का समय लकड़िया लाने और चूल्हे पर काम करने में बीत जाता था। हमने घर घर सिलिंडर पहुंचाया। जल जीवन मिशन पर भी काम हुआ है। आज स्थिति बदल गई है। आज उत्तराखंड में दस में से नौ परिवारों के घर में नल से पानी आ रहा है। राशन और सामान के लिए भी दिक्कत नहीं। मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। कहा कि धामी और उनकी सरकार इस पर बहुत मेहनत से शानदार काम कर रही है। पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार थी तो गरीबों और बेरोजगारों का पैसा बिचौलिया खा जाते थे। हमारी सरकार ने सीधे बैंक खातों में पैसे पहुंचाए। कांग्रेस होती तो ये सब लुट जाता। हमनें इसे बंद किया इसलिए उनका गुस्सा सातवें आसमान पर है। जब मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, तो वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन और चारधाम यात्रा का उत्तराखंड को विकसित करने में बड़ा योगदान है। इसलिए हम यहां रोडवेज , रेलवे, एयरवेज की लगातार सुविधा दे रहे हैं। यहां ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन पर तेजी से काम हो रहा है। दिल्ली से देहरादून की दूरी सिमट रही है। उत्तराखंड के सीमावर्ती गांव को कांग्रेस अंतिम गांव कहती थी, हमने उसे पहला गांव बनाकर विकास किया है। आदि कैलाश के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। चारधाम यात्रा को भी सुगम बनाने की ओर सरकार काम कर रही है। यह सब इसलिए हो रहा भाजपा की नियत सही है। जब नियत सही होती है तो नतीजे भी सही मिलते हैं। केदारनाथ में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। बीते वर्ष 55 लाख तीर्थयात्री यहां पहुंचे। मानसखंड में आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा पर भी यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। पर्यटन बढ़ने का मतलब है रोजगार का बढ़ना। उत्तराखंड में हो रहे विकास में अब पलायन की जड़ों को बीते दिनों बात बताया गया है। उत्तराखंड के नौजवानों ने स्टार्टअप शुरू किए। यहां बेटियां आगे बढ़ रही हैं। कांग्रेस की कमजोर सरकार सीमा पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना पाई। आज सीमाओं पर सड़कें चकाचक हैं। तब सेना के पास अच्छे बूट तक नहीं होते थे। अब सेना हाईटेक तरीके से काम कर रही है।जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड का विकास हो रहा है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन की बदौलत से पहाड़ों पर रेल का सपना सच हो रहा है। पीएम मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। विधानसभा चुनाव में समान नागरिक संहिता का वादा जो किया था वो पूरा कर लिया है। इससे पूर्व संकल्प रैली में पहुंचने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखंड का पारंपरिक वाद्य यंत्र हुड़का भेंट किया। वहीं मंच पर पीएम को भाजपा के तीनों प्रत्याशियों ने भी प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। भाजपा की महिला नेत्रियों ने पीएम को चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने मंच पर हुड़का बजाया। जनसभा में हरिद्वार सीट के भाजपा प्रत्याशी त्रिवेन्द्र सिंह रावत, पोड़ी के प्रत्याशी अनिल बलूनी, टिहरी की प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत आदि मंच पर मौजूद थे।

**पारंपरिक वाद्य यंत्र हुड़का..**जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि में देवताओं का आहवान करने की परंपरा है और हुड़का का नाद देवताओं का आहवान करने में उर्जा देता है। आज मुझे भी जनता जनार्दन जो देवता रूपी है, उनका आहवान करने के लिए हुड़का का नाद बजाने का सौभाग्य मिला।

**मतदाताओं के सवाल पर..**सुअरों, हाथियों के कारण फसलें उजाड़ होने लगी हैं।बंदर खेती को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। नतीजा यह है कि लोगों ने खेती छोड़ दी है और वे काम धंधे की तलाश में देहरादून या अन्य किसी शहर में पलायन कर चुके हैं। इस तरह जंगली जानवर भी पलायन की एक मुख्य वजह के रूप में सामने आ रहे हैं। हालांकि पलायन की समस्या के निवारण के लिए राज्य सरकार ने पलायन आयोग बनाया है लेकिन वह है अपने उद्देश्यों को हासिल करने में मोटे तौर पर असफल ही रहा है। आयोग के अध्ययन से पता चलता है कि गढ़वाल लोकसभा सीट में पौड़ी एक ऐसा जिला है, जहां 2001 से 2011 के बीच 10 वर्षों में आबादी 1।4 फीसदी घट गई।आयोग की रिपोर्ट बताती है कि पिछले पांच साल में ये रुझान यह दिखा रहा कि राज्य बनने से पहले लोग दूसरे राज्यों में पलायन करते थे, लेकिन राज्य बनने के बाद पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली और क्षेत्र के अन्य पर्वतीय हिस्से में गांव के गांव खाली हो रहे हैं और उनके नजदीक के कस्बों और शहरों में आबादी का दबाव बढ़ रहा है ।मोटे तौर पर क्षेत्र में रिवर्स पलायन की कोशिशें अभी नाकाफी हैं।राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण भी गढ़वाल संसदीय सीट के अंतर्गत आती है। स्थानीय जनता के लिए ग्रीष्मकालीन राजधानी का विकास भी एक अहम एवं भावनात्मक मुद्दा है। गैरसैंण को गर्मियों की राजधानी घोषित करने का श्रेय वैसे तो भाजपा को जाता है, लेकिन क्षेत्र के लोगों को गैरसैंण के राजधानी जैसे विकास का अब भी इंतजार है। जब त्रिवेंद्र सिंह रावत मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने गैरसैंण में अगले 10 साल में 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश विकास में कराने का लक्ष्य रखा था, लेकिन यह घोषणा जमीन पर नहीं उतर पाई। लगता है सत्ता में बैठे हुक्मरान और नीति नियंता अभी गैरसैंण के विकास मॉडल पर चिंतन में ही उलझे हैं। इसके अलावा संसदीय क्षेत्र के मतदाता आपदा के मुद्दे के हल का आश्वासन भी उम्मीदवारों से चाह रहे हैं ,मगर इस मसले पर सत्ता पक्ष के साथ-साथ प्रमुख विपक्षी दल के पास भी कोई रोड मैप नजर नहीं आ रहा। पिछले पांच वर्षों के दौरान गढ़वाल क्षेत्र ने कई बड़ी और छोटी प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है। इनमें सात फरवरी 2022 को रैणी आपदा सबसे भीषण रही, जिसमें 206 लोग मारे गए। साथ ही जोशीमठ शहर में भू-धंसाव तो देश और दुनिया की सबसे बड़ी सुर्खी बना है। बेशक, इस आपदा में एक भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई, लेकिन जोशीमठ शहर आज भी एक बड़े खतरे की जद में हैं। सरकार के सामने जोशीमठ के लोगों को बचाने की बड़ी चुनौती है।जोशीमठ आपदा के बाद सरकार पर्वतीय शहरों की धारण क्षमता के अध्ययन करा रही है, लेकिन ये समस्या दूसरे मुद्दों से भी जुड़ी है। गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार का अभाव और वन्यजीवों की बढ़ते हमलों के कारण गांव-गांव खाली हो रहे हैं और शहरों और कस्बों में उनकी क्षमता से ज्यादा आबादी का दबाव बढ़ रहा है, जो कई शहरों के लिए जोशीमठ जैसे खतरे पैदा कर सकता है। गढ़वाल सीट पर एक बड़ा और ज्वलंत मुद्दा रामनगर-लालढांग सड़क का है।इस सड़क के बनने से न सिर्फ कार्बेट पार्क के पर्यटकों को, बल्कि संसदीय क्षेत्र की बहुत बड़ी आबादी को राहत मिल सकती है। रामनगर-कालागढ़-पाखरो-चिल्लरखाल- लालढांग सड़क के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से भी कई प्रयास हुए, लेकिन कार्बेट टाइगर रिजर्व में होने के कारण ये मार्ग नहीं बन पाया, इस मार्ग के बनने के बाद गढ़वाल और कुमाऊं की दूरी काफी कम हो जाएगी।कोटद्वार और रामनगर जाने के लिए यह एक कम दूरी का आसान वैकल्पिक मार्ग साबित हो सकता है। मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही गढ़वाल के यह मुद्दे जोर पकड़ रहे हैं, पर प्रत्याशी निराकरण का कोई ठोस रोड मैप मतदाताओं के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पा रहे ।

**बाघ और सांड की ...**उपनिदेशक दीगांत नायक ने बताया कि यह वीडियो उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि मौके पर कर्मचारियों की गश्त शुरू कर दी गई है।जिस क्षेत्र में यह घटना घटी है वहां पर लोगों की आवाजाही रोकने के साथ ही घटना के समीप विभाग द्वारा कैमरा ट्रैप लगाकर बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बाघ से संघर्ष कर रहा सांड भी जंगल से बाहर आ गया है।

**संदिग्ध हालातों में ...**पुत्रों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही मृतका के पति को घटना से अवगत कराया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कर्ज का बोझ लगातार बढ़ते जाने से परिवार के काफी समय से मानसिक तनाव से जूझने के कारण महिला ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मृतका के पति के जम्मू कश्मीर से लौटने का इंतजार कर रही है।

**वोट डालने पर पेट्रोल और डीजल...**प्रतिशत मतदान के लिए लालपुर स्थित विजय फिलिंग स्टेशन पर विशेष ऑफर चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले हर शख्स को पेट्रोल और डीजल पर 50 पैसे प्रति लीटर की छूट दी जायेगी। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी को अपनी उंगली पर मतदान की स्याही दिखानी होगी। यह ऑफर केवल चुनाव वाले दिन सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक लागू रहेगा।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# अकीदत के साथ मनायी ईद, अमन चैन की मांगी दुआ

रूद्रपुर/हल्द्वानी/सितारगंज (उद संवाददाता)। ईद उल फितर पर्व आज मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: ईदगाह में जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिसवाही ने ईद की नमाज अता करवाकर देश व समाज के खुशहाली व अमन चैन की दुआएं की। जिसके बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान जाहिद रजा रिजवी, नदीम खान, बाबू खान, बाबू अहमद, फरीद खान, परवेज अहमद, रियाज खान, साबिर, जमालुद्दीन, शाहिद रजा, कमर अली, सिराजुद्दीन, सलीम खान, परवेज खान, सुलतान अहमद, फारूख अली, सुलेमान, जफर अली, अकबर हुसैन आदि मुस्लिम समाज के हजारों लोगों सहित एसपी क्राईम मनोज कत्याल, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, एसआई नवीन बुधानी आदि सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। ईद के मौके पर मुस्लिम महिलाओं ने अपने आवास पर नमाज अता की। वहीं मेहमानों के लिए कई तरह के पकवान भी परोसे।

**हल्द्वानी**– मीठी ईद यहां धूमधाम से मनाई गई। सुबह ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नजाम में उलेमाओं ने देश और दुनिया में अमन चौन की दुआ कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान शहर की मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ दिखी। मुस्लिमों ने जमकर मिठाई खरीदी और जान पहचान वालों तक मिठाई पहुंचाई। शहर के ईदगाह सहित तमाम मजिस्दों में नजाम अदा की गई। मीरा मार्ग स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे शहर इमाम मौलाना मोहम्मद आजम कादरी, वहीं ईदगाह में साढ़े बजे मौलाना वासित, नई बस्ती स्थित मस्जिद आस्ताना जहागीरी में साढ़े आठ बजे मौलाना मुफ्ती जाबिर खान, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा में 8 बजे मौलाना हयातुल्लाह खान ने नमाज अदा कराई। जलाल शाह बाबा, मस्जिद कसावान, इंदिरा नगर बड़ी मस्जिद, ताज मस्जिद, मस्जिद अक्कानी, मस्जिद गफ्फारी, मस्जिद बिलाली में भी ईद की नमाज अता की गई। वही काठगोदाम स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर अमन चौन की दुआ मांगी और आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखने को मिले। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा भी वनभूलपुरा पहुंचे और उन्होंने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं कई लोग कब्रिस्तान पहुचे और अपने अजीजों की कन्नों पर मगफिरत कर दुआएं मांगी।

**सितारगंज**– ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में हकीकत के साथ अदा की गई। हजारों मुस्लिम समाज के लोगों ने देश में भाईचारा और अमन चौन की दुआएं की। इस दौरान एक दूसरे से गले मिलकर समाज के लोगों ने मुबारकबाद दी। ईद उल फितर के अवसर पर मुस्लिम समाज में खाता उत्साह देखा गया। बुधवार की रोजेदारों ने मगरिब की नमाज के बाद चांद का दीदार किया। जिसके बाद विभिन्न मस्जिदों में ईद उल फितर पर्व को लेकर समाज को जानकारी दी गई। गुरुवार को ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज कारी कासिम रजा मिस्बाही ने अदा कराई। ईद की नमाज के दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह में पहुंचे थे। इसके पश्चात इमाम कासिम रजा मिस्बाही ने वतन हिंदुस्तान की तरक्की और अमन चौन की दुआएं की। ईद की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक कविंद्र शर्मा व्यवस्थाएं बनाने में जुटे रहे। इस दौरान मुस्लिम समाज के घरों में मीठे व्यंजन पकवान बनाए गए। इस मौके पर काले बाबा, सैयद यूसुफ अली, अबजाल पटौदी, हाजी अनवार अहमद, अबरार पटौदी, हनीफ बाबा, मौलाना सलीम रिजवी, दीपू जोशी, साबिर अल्वी, इशाक अल्वी, मुशीर लारी, सरताज हसन, इदरीश सिद्दीकी, जलील अंसारी, कासिम अंसारी, भईया अंसारी, सैयद मोहसिन मियां, एड रवि रस्तोगी, सुरेंद्र सिंह, रामनगीना प्रसाद, यूसुफ मलिक, ओहिद्द मलिक, एड मोहमंद असलम, मिन्हाज मलिक, सैयद मजहर अली, सरफराज अंसारी, रिहान अंसारी, रहीश अंसारी, जाकिर अंसारी, अली अंसारी आदि मौजूद थे।









# झूठी गारंटी देकर जनता को गुमराह कर रही भाजपा: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलकराज बेहड़ ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने दोनों सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ये गारंटी के नाम पर आम जनता का शोषण कर रहे हैं। विकास का सपना दिखाने वाली भाजपा सरकार एवं उनके मंत्री सिडकुल से लेकर नगला तक की सड़क निर्माण के लिए उनके द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सांसद अजय भट्ट सहित पीडब्ल्यूडी के तमाम विभाग के अधिकारियों से देहरादून में मुलाकात की लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो पाया और आज किस मुंह से सांसद अजय भट्ट जनता से वोट मांगने का अधिकार रखते हैं। 2 साल की मेहनत के बावजूद भी सड़क निर्माण को भाजपा की राज्य एवं केंद्र सरकार ने मंजूरी नहीं दी। उन्होंने कहा कि जब विकास ही नहीं हो रहा तो भाजपाई विकास की गारंटी के नाम जनता को गुमराह क्यों कर रहे है। पुरानी गल्ला मंडी में गोला पुल के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने करीब 5 वर्ष पूर्व घोषणा की थी उनके द्वारा नाबार्ड से भी पुल बनाए जाने की मांग की जा रही है लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हो पाया जबकि उनके द्वारा निजी तौर पर दोनों पुल बनाए जाने



के लिए कई बार चक्कर लगाने के साथ ही पत्र प्रेषित किए गए।उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की गारंटी देखनी है तो पर देखो सड़क पर बेखौफ दौड़ रहे अवैध खनन से जुड़े वाहनों की खुलेआम आवाजाही पर गारंटी देखी जा सकती है।शांतिपुरी क्षेत्र के दर्जनों लोग ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से खनन कार्य कर मेहनत मजदूरी करते थे जिनका रेडी परिवार द्वारा उनके काम को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए प्रशासन द्वारा आम नागरिकों के साथ-साथ उनका निजी शस्त्र लाइसेंस भी जमा कर लिया गया है लेकिन रेड्डी परिवार खुलेआम शस्त्र लेकर घूमने के साथ ही फायरिंग कर रहा है। प्रशासन मूकदर्शन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देहरादून एवं भारत सरकार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत कर पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेड्डी परिवार ने पूरे उत्तराखंड की छाती को चीरने का ठेका ले लिया है। कहा कि गरीबों को आज तक आवासीय पट्टे नहीं दिए गए। खुरपियां फार्म के अंदर लोग कई वर्षों से बसे हुए हैं उनको नहीं वर्तमान सीएम ने 400-500 एकड़ जमीन आवंटित करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध के प्रभावितों को कम धामी खुरपिया में बसाने की बात करते हैं लेकिन स्थानीय लोगों को आज तक आवासीय पट्टे नहीं दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अपात्र लोगों को बीपीएल कार्ड की सुविधा दी गई जबकि पात्र लोग आज भी बीपीएल कार्ड के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मामले में उत्तराखंड नंबर वन बन चुका है और आज अगर सर्वे हो जाए तो उत्तराखंड में भ्रष्टाचार का नया इतिहास सामने आ जाएगा। उन्होंने हरिद्वार में बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे का एनकाउंटर किए जाने पर पुलिस टीम को बधाई देते हुए कहा कि उधम सिंह नगर पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन 10 लाख रुपए की फिरौती लेकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या किए जाने की बात कह रहा है। अगर यह सत्य है तो उत्तराखंड में कोई भी सुरक्षित नहीं है तथा आने वाले समय में किसी भी विधायक तथा जनप्रतिनिधि की हत्या हो सकती है। भाजपा के विकास विरोधी एवं जन विरोधी फैसलों के खिलाफ जनता को साथ लेकर आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।बेहड़ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए किच्छा विधानसभा क्षेत्र को सात भागों में बांटा गया है और सभी 7 सेक्टर में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है 65 नुक्कड़ सभा कर दी गई है।जनता का रुझान कांग्रेस की तरफ है और जनता यह बात मान चुकी है कि देश में सही मायने में विकास करने वाली पार्टी कांग्रेस ही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुष्कर सिंह धामी की गारंटी पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री के साथ-साथ सांसद होने के बावजूद अजय भट्ट ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र में एक भी सड़क का शिलान्यास तथा लोकार्पण नहीं किया।प्रेस वार्ता में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, एवं पूर्व सभासद दानिश मलिक मौजूद रहे।

## तो क्या किच्छा विधायक को भी है जान का खतरा ?

किच्छा। विधायक तिलक राज बेहड़ ने नानक मत्ता गुरु द्वारा सेवादार बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद जनपद की पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए कहा की बिगड़ी कानून व्यवस्था के चलते आम नागरिक तो क्या विधायक, जन प्रति निधि भी अब सुरक्षित नहीं कब कौन अपराधियों के निशाने पर आ जाय कुछ पता नहीं। उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन से मांग की थी किंतु अभी तक कुछ नहीं हुआ पुलिस कान बंद करके बैठी है। जानकारी में आया है कि किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ जनपद के पुलिस कप्तान से लेकर मुख्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय तक सुरक्षा की गुहार लगाई है।